**आकाशवाणी शिमला**
**17.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

**मुख्य समाचार :-**

- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 69 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास।**
- **प्रदेश की ग्रामीण आर्थिकी को संबल प्रदान करने के लिए सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है राज्य सरकार।**
- **पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण पर विपक्ष के विरोध को बताया बेबुनियाद।**
- **केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– पठानकोट– जोगिन्द्रनगर नैरोगेज रेल लाईन को ब्रॉडगेज लाईन में बदलने का सर्वे पूरा।**
- **पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस की वृद्धि दर्ज– 19 दिसंबर से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ।**

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में करीब 69 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें 4 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिस थाना घुमारवीं और 3 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से सीर खड्ड में निर्मित चैक डैम व डाईक के कार्यों का उद्घाटन शामिल है। बाद में उन्होंने घुमारवीं में हिमाचल प्रदेश पैंशनर्स संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत की। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि अब तक प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों व पैंशनरों के एरियर पर कुल 2 हजार एक सौ 55 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्मचारियों व पैशनरों के एरियर जैसी देनदारियों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय 2 लाख 36 हज़ार महिलाओं को 11 सौ रूपये पैंशन मिलती थी, जिसे वर्तमान सरकार ने 15 सौ रूपये कर दिया है। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बदहाल करने का आरोप भी लगाया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**शांडिल**

सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार ग्रामिण आर्थिकी को सम्बल प्रदान करने के लिए सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। वे आज सोलन विधानसभा क्षेत्र की कोट पंचायत में 22 लाख रूपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। शांडिल ने कहा कि पिछले तीन वर्षो में सामाजिक सुरक्षा के तहत प्रदेश में 12 हजार 95 लाभार्थियों को 28 करोड़ रूपए की सहायता प्रदान की गई है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण यानि जी राम जी पर कांग्रेस सहित विपक्ष के विरोध को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा कि जी राम जी बिल गरीब कल्याण की दिशा में मोदी सरकार का अहम कदम है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस गरीब और ज़रूरतमंदों का हमेशा विरोध करती रही है और राम के नाम से भी कांग्रेस को सदा समस्या रही है। उन्होंने कहा कि जी राम जी बिल विकसित भारत–2047 के राष्ट्रीय

विज़न के अनुरूप ग्रामीण रोज़गार व आजीविका को मज़बूत करेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पुरानी मनरेगा योजना में जहां ग्रामीण परिवारों को वर्ष में सौ दिन रोज़गार मिलता था, वहीं अब इस योजना में एक सौ 25 दिन का रोज़गार मिलेगा।

## सिकंदर कुमार

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताव राव जाधव ने कहा है कि मंत्रालय ने राष्ट्रीय अंधत्व और दृष्टिबाधित नियंत्रण कार्यक्रम यानि एन.पी.सी.बी.वी.आई के माध्यम से पहाड़ी दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में चल रहे नेत्र इकाईयों के ज़रिए जांच की पहल की है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी दृष्टि जांच केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रताव राव जाधव ने बताया कि एन. पी.सी.बी.वी.आई के स्कूल नेत्र जांच कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश सहित राज्यों व संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूली बच्चों को निःशुल्क चश्में दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य 6 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों में अपवर्तक दोषों की शीघ्र पहचान व सुधार करना है।

## राजीव भारद्वाज

केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि 2 सौ किलोमीटर लंबी पठानकोट–जोगिन्द्रनगर नैरोगेज़ लाईन को ब्रॉडगेज़ लाईन में परिवर्तित करने का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के सवाल पर लोकसभा में उन्होंने ये जानकारी देते हुए बताया कि 57 किलोमीटर लंबी जोगिन्द्रनगर रेलवे लाईन का सर्वे करवाया गया है, लेकिन इसमें ट्रैफिक कम आंकी गई है। केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि बिलासपुर–मनाली–लेह रेलवे लाईन को रक्षा मंत्रालय ने सामरिक महत्व की परियोजना के रूप में चिन्हित किया है और इस रेल लाईन के सर्वे के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। अश्वनी वैष्णव ने बताया कि एक लाख 31 हज़ार करोड़ रूपये की अनुमानित लागत की इस परियोजना के तहत 4 सौ 89 किलोमीटर लंबी रेलवे लाईन निर्मित होगी, जिसमें 2 सौ 70 किलोमीटर लंबी लाईन सुरंगों के बीच से गुजरेगी।

## इंदू गोस्वामी

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्य सभा सांसद इंदू बाला गोस्वामी के सवाल के जवाब में बताया कि जगाधरी और पौंटा साहिब के बीच नई रेल लाईन बिछाने का सर्वे पूरा कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि 62 किलोमीटर लम्बी रेल लाईन परियोजना का निर्माण कार्य कम ट्रैफिक के आकलन की वजह से शुरू नहीं किया गया है।

## रोबोटिक सर्जरी

शिमला के सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल चम्याणा में इस वर्ष 11 अगस्त को 29 करोड़ रूपये से शुरू हुई रोबोटिक सर्जरी के तहत अब तक सौ से अधिक मरीज़ों की सर्जरी की गई है। अस्पताल के प्राचार्य डॉक्टर बृज शर्मा और एम.एस. डॉक्टर सुधीर शर्मा ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि रोबोटिक सर्जरी के बाद मरीज़ पूरी तरह स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा चम्याणा अस्पताल में 2 सौ 98 बड़ी और 7 सौ 87 छोटी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन एक हज़ार मरीज़ों की विभिन्न विभागों में ओपीडी संचालित होती है। प्राचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की प्रगतिशील सोच के परिणामस्वरूप चम्याणा अस्पताल में राज्य की पहली रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू हो सकी है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में दिन के समय तेज धूप खिलने से तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि सुबह–शाम शुष्क ठंड का दौर जारी है। हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार के अनुसार 19 दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार है।

*19 तारीख तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा। 20 तारीख को डिस्ट्रिक चम्बा, लाहौल स्पीति में इसकी हाइट में बर्फबारी की संभावना है। 21 तारीख को वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय रहेगा। हालांकि इसका जो इफेक्ट है वो केवल डिस्ट्रिक चम्बा, कांगड़ा, लाहौल स्पीति,किन्नौर, कुल्लू में बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना हो सकती है। हमारे जो मैदानी डिस्ट्रिक हैं उसमें कोई मेजर एक्टिविटी नहीं रहेगी। डिस्ट्रिक्ट बिलासपुर में भाखड़ा बांध के आसपास के एरिया हैं, मंडी सिटी है जो बल्ह वैली है। डिस्ट्रिक्ट हमीरपुर में जो क्षेत्र है सुजानपुर वहां पे लेट नाईट और अर्ली मॉर्निंग डेंस टू मॉडरेट फॉग होने की संभावना है। उन्हीं डिस्ट्रिक्ट्स में येलो अलर्ट जारी किया गया है।*

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 69 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं के किए उद्‌घाटन व शिलान्यास।**
- **प्रदेश की ग्रामीण आर्थिकी को संबल प्रदान करने के लिए सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है राज्य सरकार।**
- **पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण पर विपक्ष के विरोध को बताया बेबुनियाद।**
- **केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– पठानकोट– जोगिन्द्रनगर नैरोगेज रेल लाईन को ब्रॉडगेज लाईन में बदलने का सर्वे पूरा।**
- **पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 3 से 5 डिग्री सैल्सियस की वृद्धि दर्ज– 19 दिसंबर से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ।**

**-----------------------------------------------------------------------------------------**